समाचार

निगम कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 28 व 29 जनवरी को साकेत में लगेगा हेल्थ कैम्प

कोरबा 22 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच हेतु निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 28 व 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों से कहा है कि वे उक्त दो दिवसीय हेल्थ कैम्प में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करावें।

आयुक्त श्री पाण्डेय के आग्रह पर संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा उक्त हेल्थ कैम्प हेतु चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। 28 जनवरी को विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ.प्रितेश मसीह, शल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन, काउंसलर एन.सी.डी.संजय मानिकपुरी एवं फार्मासिस्ट हर्ष डिक्सेना हेल्थ कैम्प में अपनी सेवाएं देंगे। इसी प्रकार 29 जनवरी को विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ.चन्द्रकांत भास्कर, शल्य रोग विशेषज्ञ डॉ.धनेश्वर, काउंसलर एन.सी.डी.संजय मानिकपुरी व फार्मासिस्ट हर्ष डिक्सेना के द्वारा हेल्थ कैम्प में अपनी सेवाएं दी जाएंगी। इस हेल्थ कैम्प में नगर निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड भी उन्हें बनाकर दिए जाएगें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, प्लेसमेंट कर्मियों को उक्त हेल्थ कैम्प में आने व स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के संबंध में सूचित व निर्देशित करें।